महात्मा गांधी की
150 वीं जयंती महोत्सव

सेल SAIL

भिलाई इस्पात संयंत्र

राजभाषा विभाग

क्रमांक : रा.भा./सं.रा.क्विज चैम्पियन ट्रॉफी/2019/378 दिनांक : 04-11-2019

परिपत्र

विषय : संयुक्त (संयंत्र एवं नराकास) राजभाषा क्विज़ चैम्पियन ट्रॉफी-2019 के आयोजन बाबत।

भारत सरकार,गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के प्रावधानों के तहत संस्थानों द्वारा हिंदी प्रचार-प्रसार हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं| इसी कड़ी में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संयंत्र एवं नराकास संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों के लिए **' संयुक्त (संयंत्र एवं नराकास) राजभाषा क्विज चैम्पियन ट्रॉफी प्रतियोगिता- 2019 '** का आयोजन किया जा रहा है, जो निम्न मापदंडों के तहत आयोजित होंगी :-

(क) उद्देश्य :

1) भारत सरकार राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुपालन में सहयोग।
2) कार्मिकों को सरलता से हिंदी में कार्यालयीन कामकाज करने की जानकारी प्रदान करना।
3) हिंदीतरभाषी कार्मिकों में हिंदी के प्रति जागरुकता पैदा करना।

(ख) विषय :

(1) राजभाषा प्रावधान
(2) हिंदी साहित्य एवं व्याकरण
(3) सामान्य ज्ञान
(4) खेल/सिनेमा जगत
(5) प्रबंधन विषयक
(6) इस्पात जगत
(7) कंपनी 'सेल'
(8) भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नराकास
(9) देश-प्रदेश

(ग) नियम :

1. प्रतियोगिता दिनांक 28-11-2019 (गुरुवार) को पूर्वान्ह 10:00 बजे से 01:00 बजे तक मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल सभागार में संपन्न होगी।

2. प्रतियोगिता में कुल 02 (दो) चक्र होंगे। प्रथम चक्र में लिखित वस्तुनिष्ठ 40 प्रश्न होंगे, जिनमें सभी प्रतिभागी दल भाग लेंगे। इनमें से अंकों की वरीयता के आधार पर 06 टीमें चयनित होंगी जो फाइनल चक्र में प्रवेश की हकदार होंगी| इसमें संयंत्र के अलावा न्यूनतम 02 टीमें नराकास संस्थानों से होंगी।

क्रमशः 2 ....

3. **फाइनल चक्र** - यह चक्र दृश्य-श्रव्य माध्यम से ही संचालित होगा। इसके लिए चयनित 06 टीमें इस चक्र में भाग लेंगी। इस चक्र में टीमों के अनुतरित प्रश्न एवं प्रत्येक चक्र के पश्चात 01 प्रश्न दर्शकदीर्घा से पूछे जायेंगे, जिसके सही उत्तर पर उन्हें तत्क्षण पुरस्कृत किया जायेगा। इन 06 टीमों में से अंकों की वरीयता के आधार पर 03 विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय टीमें चयनित होंगी। शेष बची 03 टीमें क्विज की उप-विजेता टीम होंगी।

(घ) **कार्मिकों की भागीदारी** :

1) संयंत्र एवं नराकास संस्थानों में कार्यरत सभी नियमित गैर-कार्यपालक/कार्यपालक कार्मिक (आयोजन व्यवस्था से संबद्ध कार्मिक एवं ट्रेनिज को छोड़कर) इस हेतु पात्र माने जायेंगे। प्रतियोगिता में संयंत्र के बड़े विभागों से अधिकतम दो-सदस्यीय 02 दल तथा संयंत्र के छोटे विभागों एवं नराकास संस्थानों के 01 दल भाग ले सकते हैं।
2) प्रतिभागिता आवेदन प्रपत्र का अग्रेषण संबद्ध संस्थान/विभाग प्रमुख द्वारा किया जाएगा।
3) प्रतियोगिता में तीन-सदस्यीय निर्णायक दल का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

(ड.) **पुरस्कार** :

1. अंको की वरीयता के आधार पर अव्वल आने वाले छः (03 विजेता तथा 03 उप विजेता) को आकर्षक उपहार दिए जायेंगे। इसके अलावा विजेता टीम को ट्रॉफी भी प्रदान किया जाएगा।
2. संयंत्र एवं नराकास स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली टीम के हिंदी समन्वय अधिकारी को उक्त अवसर पर स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

(च) **आवेदन की तिथि** :

(1) प्रत्येक विभाग से प्रतिभागियों के आवेदन पत्र दिनांक 21-11-2019 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

(2) निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। आप अपनी प्रतिभागिता स्केन कर ई-मेल के माध्यम से भी हमें bsprajbhasha@gmail.com पर या नराकास के सदस्य संस्थान अपनी प्रतिभागिता नराकास वेबसाइट www.narakasbhilai.in पर जाकर मेल द्वारा भेज सकते हैं।

(3) इस संबंध में आप अधिक जानकारी के लिए राजभाषा विभाग के दूरभाष क्रमांक 61017/ 60682/ 2227877 पर संपर्क कर सकते हैं। इस आयोजन से संबद्ध जानकारी विभागीय वेब पेज पर भी उपलब्ध हैं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(डॉ. बी. एम. तिवारी)
उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं
सचिव, नराकास, भिलाई-दुर्ग

वितरण :

(1) राजभाषा कार्यान्वयन समिति के माननीय सदस्यगण ।
(2) नराकास, भिलाई-दुर्ग के सभी माननीय सदस्य संस्थान।
(3) संयंत्र के समस्त विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारीगण ।
(4) विभागीय सूचना पट्ट ।
(5) संबद्ध संचिका ।

महात्मा गांधी की
150 वीं जयंती महोत्सव

भिलाई इस्पात संयंत्र

राजभाषा विभाग

संयुक्त (संयंत्र एवं नराकास) राजभाषा क्विज़ चैम्पियन ट्रॉफी-2019

प्रतिभागिता प्रपत्र

(दो-सदस्यीय दल के लिये)

(1)

नाम (श्री/श्रीमती/सुश्री) ______________________________

पदनाम ______________________________

मोबाइल नं. ______________________________

संस्थान/विभाग का नाम ______________________________

हस्ताक्षर

(2)

नाम (श्री/श्रीमती/सुश्री) ______________________________

पदनाम ______________________________

मोबाइल नं. ______________________________

संस्थान/विभाग का नाम ______________________________

हस्ताक्षर

दिनांक :

संस्थान प्रमुख/विभाग प्रमुख के हस्ताक्षर
मुहर सहित

प्रति,

उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं सचिव, नराकास भिलाई-दुर्ग
राजभाषा विभाग
कक्ष 313 ए, तीसरा तल, इस्पात भवन,
भिलाई इस्पात संयंत्र , भिलाई